web: www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 17 जनवरी 2020 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 110

## महत्वपूर्ण एवं खास

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का प्रगतिशील देशों को वित्तीय सहायता देने का आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से विकासशील देशों को घरेलू संसाधन जुटाने और निजी निवेशों को आकर्षित करने में सहायता करने का आग्रह किया है। ग्रुप ऑफ 77 और चीन की अध्यक्षता के हस्तांतरण के मौके पर बुधवार को संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने सभी विकसित देशों से आधिकारिक विकास सहयोग समेत अदिस अबाबा एक्शन एजेंडा में ली गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि इसी समय अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अवैध पूंजी प्रवाह, धन शोधन और कर चोरी से लड़ने के लिए और अधिक प्रभावी कदम उठाने चाहिए, जो विकासशील दुनिया के महत्वपूर्ण संसाधनों को खत्म कर रहे हैं। उन्होने कहा, अब पहले से अधिक जन भागादारी, मापनीय समाधान और उच्च महत्वाकांक्षा पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुनिया में गरीबी उन्मूलन, उत्सर्जन में कमी, रोजगार सृजन या लैंगिक समानता में बदलाव की जरूरत है बस सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक पूरा करने के लिए जरूरी गति या पैमाने पर नहीं हो रहा है। जी77 का नाम इसके 77 संस्थापक सदस्यों के कारण पड़ा है और संयुक्त राष्ट्र में यह 133 विकासशील देशों का समूह है।

### मलीहा लोधी ने लंदन में नवाज शरीफ से मुलाकात की

**लंदन।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान की पूर्व स्थाई प्रतिनिधि मलीहा लोधी ने लंदन में अपना इलाज करा रहे पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात कर उनकी सेहत की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। द न्यूज इंटरनेशनल ने एक सूत्र के हवाले से कहा कि लोधी बुधवार दोपहर शरीफ के एवनफील्ड अपार्टमेंट पहुंचीं और लगभग एक घंटा वहां रुकीं। सूत्र ने आगे कहा कि इस दौरान राजनीति पर कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लोधी ने शरीफ की पत्नी कुलसुम नवाज के निधन पर शोक व्यक्त किया। कैंसर से पीड़ित कुलसुम नवाज का सितंबर 2018 में लंदन में निधन हो गया था। सूत्र ने कहा, यह शरीफ के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सिर्फ शिष्टाचार भेंट थी।

### ईरान पर आम सहमति बनाये अन्य देश : कनाडा

**टोरंटो।** कनाडा के परिवहन मंत्री मार्क गर्नियो ने उम्मीद जताते हुये कहा है यूक्रेनी विमान दुर्घटना में मारे गये नागरिकों के विदेश मंत्री लंदन में अंतरराष्ट्रीय समन्वय एवं प्रतिक्रिया समूह की पहली बैठक में ईरान पर आम सहमति बनाये। गर्नियो ने यहां संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुये कहा,गुरुवार को होने वाली बैठक हमारे लिए बेहद महतवपूर्ण है। जिन पांच देशों के नागरिक इस विमान हादसे में मारे गए थे उन सभी देशों के बीच आम सहमति बनाने की कोशिश होगी ताकि ईरान को स्पष्ट कर दे कि जांच सुनिश्चित करने के लिए हमारी क्या उम्मीद हैं। अंतर्राष्ट्रीय समन्वय और प्रतिक्रिया समूह कनाडा सरकार के कहने पर बनाया गया था और गुरुवार को लंदन में कनाडा हाउस में इस समूह की पहली बैठक होगी।

### पुतिन संविधान संशोधन प्रस्ताव तैयार करने वाली समिति से मिलेंगे

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन संविधान में कुछ बदलाव एवं संशोधन के प्रस्ताव को तैयार करने वाली कार्यसमिति के साथ गुरुवार को बैठक करेंगे। इससे पहले बुधवार को श्री पुतिन ने मंत्रिमंडल और संविधान में सुधारों को लेकर एक संबोधन किया था। जिसके बाद राष्ट्रपति आज संविधान में संशोधन का मसौदा तैयार करने वाली कार्यसमिति के साथ बैठक करेंगे। श्री पुतिन ने कहा था कि वह संविधान में बदलाव के पक्षधर हैं और इसके जरिए शक्तियां रूसी प्रधानमंत्री और अन्य पदों को हस्तांतरित करने के पक्ष में हैं।

# कटक में माल गाड़ी से टकराई लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस, 8 डिब्बे पटरी से उतरे

**» 40 से ज्यादा यात्री घायल**





**कटक (आरएनएस)। घने कोहरे के कारण ओडिशा के कटक के नरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास मुंबई-भुवनेश्वर लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस आज सुबह सात बजे पटरी से उतर गई है। यह हादसा एक ट्रेन के मालगाड़ी से टकराने के कारण हुआ।**

इस घटना में किसी की मौत की सूचना नहीं है। हालांकि 40 यात्री घायल हैं जिनमें 6 की हालत गंभीर है। जानकारी के अनुसार ट्रेन की 8 बोगियां पटरी से उतरी हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची टीम ने राहत-बचाव का काम शुरू कर दिया है।

हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे एक्सीडेंट मेडिकल वैन घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। हादसे के पीछे भीषण कोहरा कारण बताया जा रहा है। मौके पर लगी राहत टीम ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया है। वीरवार सुबह-सुबह सलगांव और नेरगुंडी स्टेशन के बीच यह घटना सामने आई।

रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और ट्रेन चालक और टीटीई ने पुष्टि की है कि घटना में किसी भी यात्री की मौत नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर राहत और बचाव का कार्य शुरू हो गया है। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे दुर्घटना मेडिकल वैन घटनास्थल के लिए रवाना की गई। जो घटनास्थल पहुंच गई है। राहत एवं बचाव टीम का कहना है कि घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में 40 से ज्यादा यात्री घायल बताए जा रहे हैं और छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को उचित उपचार दिया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायलों को एससीबी मेडिकल तॉलेज एंड हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि वह खतरे से बाहर हैं।

रेलवे और अग्निशमन अधिकारी पहले से ही दुर्घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। ईस्ट कोस्ट रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। (0764) 1072 या (0674) 1072 पर फोन करके यात्रियों के बारे में जानकारी ली जा सकती है।

## मेट्रो ट्रैक पर कूदकर अधेड़ ने की सुसाइड, ट्रेनों की आवाजाही चरमराई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली मेट्रो को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है. ब्लू लाइन के द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन के ट्रैक पर एक शख्स के कूदने के कारण द्वारका सेक्टर-21 और राजीव चौक के बीच मेट्रो ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है. डीसीपी मेट्रो के अनुसार, 50 साल के एक अधेड़ ने द्वारका मोड़ स्टेशन पर आत्महत्या कर ली. यह घटना प्लेटफार्म नंबर 1 पर गुरुवार सुबह तकरीबन 10:10 में हुई. मृत व्यक्ति की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है. दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अनुसार, इस वजह से ट्रेनों के परिचालन में देरी हुई है।



सुबह पीक आवर होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी और द्वारका सेक्टर-21 ब्लू लाइन मेट्रो रूट में आता है. बता दें कि सुबह में इस रूट पर बड़ी तादाद में लोग ऑफिस और अन्य काम के लिए यात्रा करते हैं।

सुबह 8 बजे से लेकर 11 बजे तक पीक आवर माना जाता है. इस दौरान द्वारका और अन्य इलाकों के लोग बड़ी संख्या में द्वारका से नोएडा की ओर आते हैं. ट्रेन की सेवाएं बाधित या इसमें देरी होने के कारण यात्रियों की परेशानी काफी बढ़ जाती है। इससे पहले 3 जनवरी को भी मेट्रो के सामने कुदकर जान देने की कोशिश की 2 घटनायें हुई थी. जिसमें 1 व्यक्ति की मौत हो गई थी. साउथ दिल्ली के घिटोरनी स्टेशन पर नितिन चंडोक ने आत्महत्या कर ली थी. जबकि दूसरी घटना झिलमिल मेट्रो स्टेशन पर घटित हुई।

## गर्दन की नाप लेते ही फूट-फूट कर रोने लगे चारों दोषी

**» निर्भया कांड**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** निर्भया गैंगरेप और मर्डर के चारों दोषियों को फांसी पर लटकाने को लेकर लगातार अदालती प्रक्रिया चल रही है. निचली अदालत ने फांसी की तिथि 22 जनवरी मुकर्रर की है. हालांकि, इस जघन्य अपराध के दोषी सभी न्यायिक विकल्पों को आजमाने में जुटा है. इस बीच, तिहाड़ जेल में निर्भया के गुनहगारों को फांसी पर लटकाने की तैयारियां चल रही हैं. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जेल प्रशासन ने चारों दोषियों के गले की नाप भी ले ली है. हालांकि, इस दौरान सभी दोषी (मुकेश सिंह, अक्षय ठाकुर, विनय शर्मा और पवन गुप्ता) फूट-फूट कर रोने लगे. चारों दोषी जेल अधिकारियों से गुहार भी लगाने लगे। अधिकारियों द्वारा गले की नाप लेते ही निर्भया कांड के सभी चारों दोषी फूट-फूट कर रोने लगे. हालात इतने बिगड़ गए कि जेल अधिकारियों को उन्हें चुप कराने और सांत्वना दिलाने के लिए काउंसलर तक बुलाना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, काउंसलर की इसलिए मदद लेनी पड़ी की ये लोग कोई गलत कदम न उठा लें. सूत्रों ने बताया कि डमी फांसी के दौरान रेत के बोरों का इस्तेमाल किया गया, जिसका भार दोषी के वजन से तकरीबन डेढ़ गुना ज्यादा था। निर्भया कांड के दोषी सभी संभावित कानूनी विकल्पों को आजमा रहे हैं. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से इन दोषियों की याचिका तीन बार खारिज हो चुकी है।

## दिल्ली सरकार के चलते फांसी में हुई देरी

**» निर्भया मामले में बीजेपी का आप पर हमला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)। निर्भया के चारों गुनहगारों को फांसी देने के मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।**

बीजेपी ने इस मसले पर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर हमला बोला है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि दिल्ली सरकार की लापरवाही के कारण वर्ष 2012 के दिल्ली गैंगरेप के दोषियों को फांसी देने में अब देर हो चुकी है. न्याय दिलाने में देरी के लिए आप जिम्मेदार है।

केंद्रीय मंत्री ने केजरीवाल सरकार पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पिछले ढाई वर्षों में दिल्ली सरकार ने दोषियों को दया याचिका दाखिल करने को लेकर नोटिस जारी क्यों नहीं किया?



बता दें कि 15 जनवरी को दिल्ली हाई कोर्ट ने निर्भया कांड के दोषी मुकेश की अर्जी पर तल्ख टिप्पणी करते हुए उसे ट्रायल कोर्ट जाने को कहा था. मुकेश ने डेथ वारंट को चुनौती दी थी. हाई कोर्ट के निर्देश के बाद दिल्ली सरकार ने मुकेश की दया याचिका को उपराज्यपाल के पास भेज दिया था. गुरुवार को दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दया याचिका को ठुकराने की सिफारिश के साथ उसे गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है।

अब उसकी याचिका गृह मंत्रालय के पास भेजी जाएगी और वहां से उसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा. मुकेश की दया याचिका पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अंतिम फैसला लेंगे. निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले में ट्रायल कोर्ट ने 22 जनवरी की डेट तय की है. हालांकि, इससे पहले चार में से एक दोषी मुकेश सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट में निचली अदालत की ओर से जारी डेथ वारंट को चुनौती दी थी. उच्च न्यायालय ने तल्ख टिप्पणियों के साथ उसे निचली अदालत में अर्जी दाखिल करने को कहा था. इसके बाद मुकेश ने 15 जनवरी को पटियाला हाउस कोर्ट में डेथ वारंट के खिलाफ अर्जी दाखिल की है।

## सीबीआई कोर्ट में पेश हुए लालू, दर्ज कराया 313 का बयान

**» चारा घोटाला मामला**

**रांची (आरएनएस)।** बहुचर्चित चारा घोटाले के डोरंडा कोषागार मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव की गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में पेशी हुई। उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रिम्स से कोर्ट लाया गया। जहां उन्होंने न्यायाधीश एसके शशि की अदालत में अपना बयान दर्ज कराया. डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये की अवैध निकासी के मामले में लालू यादव भी आरोपी हैं।

इस मामले में सीबीआई कोर्ट में आरोपियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। अबतक 109 आरोपियों के बयान दर्ज हो चुके हैं. बीते रविवार को बिहार के तत्कालीन पशुपालन मंत्री विद्यासागर निषाद का बयान दर्ज हुआ था। लालू प्रसाद के बयान दर्ज कराने को लेकर सीबीआई कोर्ट ने रांची के बिरसा मुंडा जेल प्रशासन को प्रोडक्शन वारंट जारी किया था. हालांकि लालू प्रसाद के अधिवक्ता ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए सशरीर उपस्थिति से छूट की कोर्ट से मांग की थी. और रिम्स से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बयान दर्ज कराने का आग्रह किया था. लेकिन कोर्ट ने इस मांग को ठुकरा दिया। बता दें कि चारा घोटाले के चार मामलों में लालू यादव रांची के बिरसा मुंडा जेल में सजा काट रहे हैं।



## कश्मीर मामले में एक बार फिर साजिश रचने में नाकाम चीन और पाक

**» यूएनएससी में भारत के साथ आए अमेरिका और फ्रांस**

**वॉशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर मुद्दा उठाने को लेकर समर्थन पाने की पाकिस्तान की कोशिश एक बार फिर नाकाम हो गई। चीन को छोड़कर किसी और देश ने पाकिस्तान का साथ नहीं दिया। यूएनएससी में भारत ने भी स्पष्ट किया कि द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने के लिए पाकिस्तान को कुछ अहम मसलों पर फोकस करना होगा। दरअसल, पिछली बार नाकाम रहने के बावजूद पाकिस्तान ने चीन के जरिए बुधवार को फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कश्मीर मुद्दा उठाने की कोशिश की थी। बैठक के दूसरे सदस्य देशों ने इसे भारत और पाकिस्तान के बीच का मुद्दा बता दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि सैयद अकबरुद्दीन ने इसे भारत के लिए बड़ी कामयाबी बताया है।

इस बैठक का आयोजन एक अफ्रीकी देश से संबंधित मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था। लेकिन चीन ने कश्मीर मुद्दे पर विचार-विमर्श करने का अनुरोध किया, लेकिन सदस्य देशों ने इसे द्विपक्षीय मुद्दा बताकर चर्चा करने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस ने साफ-साफ शब्दों में कहा कि कश्मीर के मुद्दे पर यूएनएससी में चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है। इन देशों के मुताबिक कश्मीर भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा है। चीन को छोड़कर किसी भी अन्य यूएनएससी सदस्य ने बैठक के समाप्त होने के बाद इस पर टिप्पणी नहीं की।

## दिल्ली-एनसीआर के कुछ इलाकों में हल्की बारिश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में गुरुवार की सुबह कोहरा छाया रहा, जबकि वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं दिल्ली और आसपास के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र का न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ने आगे कहा, क्षेत्र का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। अधिकारी ने बताया कि आसमान में हल्के बादल छाए रह सकते हैं और दिन के दौरान आंधी-तूफान के साथ ओले पड़ सकते हैं।वहीं रेलवे अधिकारी ने बताया कि कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली करीब 12 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही थीं। राजधानी की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं केंद्र चालित सिस्टम ऑफ एयर चालिटी एंड वेदर फॉरकास्टिंग (सफर) के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 245 दर्ज की गई।

## अब सीनेट में चलेगी ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही

**» 228 सांसदों के वोट से मिली मंजूरी**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संसद के निचले सदन में चल रही महाभियोग की कार्यवाही को ऊपरी सदन सीनेट भेजने के पक्ष में सांसदों ने बुधवार को वोट किया। सत्ता के दुरुपयोग और संसद के काम में अवरोध पैदा करने के आरोप में ट्रंप के खिलाफ महाभियोग अब सीनेट में चलेगा। ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही सीनेट में चलाए जाने के पक्ष में 228 सांसदों ने, जबकि विपक्ष में 193 सांसदों ने वोट दिया।

**ट्रंप ने महाभियोग के मुकदमे को छलावा करार दिया**

वहीं दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने महाभियोग के मुकदमे को बुधवार (15 जनवरी) को छलावा करार दिया तो वहीं डेमोक्रेटिक नेताओं ने उस दल की घोषणा की जो सीनेट में सुनवाई का नेतृत्व करेगी। प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी द्वारा सात सदस्यों वाले सुनवाई दल का खुलासा किया जाने के कुछ ही सेकंड बाद ट्रंप ने ट्वीट किया, एक बार फिर आ गए, कुछ नहीं करने वाले डेमोक्रेट्स एक और छलावे के काम के साथ। वहीं ट्रंप के महाभियोग मुकदमे में सीनेट में अभियोजन दल का नेतृत्व एडम शिफ करेंगे। वह सदन की खुफिया समिति के प्रमुख हैं। सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने बुधवार (15 जनवरी) को यह जानकारी दी। सीनेट में ट्रंप की सुनवाई मंगलवार (21 जनवरी) को शुरू होने की उम्मीद है।



## डीएसपी देवेंद्र सिंह से छीना जाएगा शेर-ए-कश्मीर मेडल

**» सरकार ने दिए आदेश**

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुनीर खान ने आतंकी सांठगांठ के लिए गिरफ्तार किए गए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) देविंदर सिंह को सेवा से बर्खास्त करने की सिफारिश की है।

सूत्रों ने बताया कि श्रीनगर और जम्मू दोनों हवाई अड्डों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है और संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी सभी उपचारात्मक उपाय किए गए हैं। सूत्रों ने बताया कि सभी सुरक्षा कर्मचारी, जिनकी ड्यूटी अभी तक हवाई अड्डे पर थी, उन्हें स्थानांतरित कर दिया गया है और उनकी जगह नए कर्मचारियों को लगा दिया गया है।

श्रीनगर हवाई अड्डे पर दविंदर सिंह के कार्यालय को पहले ही सील कर दिया गया था, ताकि कोई भी सबूतों के साथ छेड़छाड़ न कर सके। राज्य पुलिस, राज्य खुफिया, अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (रॉ) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी शनिवार को गिरफ्तारी के बाद देविंदर सिंह से पूछताछ कर रहे हैं।



सूत्रों ने कहा कि जब अन्य एजेंसियां गिरफ्तार पुलिस अधिकारी से पूछताछ पूरी कर लेगी, तब एनआईए उसे अपनी हिरासत में लेगी। सिंह को तब गिरफ्तार किया गया था, जब वह शनिवार को अपनी निजी कार में आतंकवादियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचा रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अधिकारी की गतिविधियां कुछ समय से उनके रडार पर थीं।

सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार अधिकारी पूछताछ करने वाले अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहा है।

सूत्रों ने बताया कि हम उसके आतंकियों के साथ सांठगांठ के पहलुओं को जोड़कर देख रहे हैं। उसके साथ गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है।